दैनिक
आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802
E-Mail-pariharjarjana@gmail.com
# परिहार गर्जना
संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका
संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916
वर्ष 13 | अंक 145 | छतरपुर, शनिवार 21 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खजुराहो में केन बेतवा लिंक परियोजना कार्यक्रम की समीक्षा की

## -मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल खजुराहो मेला ग्राउंड का भी निरीक्षण किया
## -25 दिसंबर 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी करेंगे भूमिपूजन



परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केन बेतवा लिंक परियोजना का 25 दिसंबर 2024 को खजुराहो से भूमिपूजन किया जाएगा। गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आगामी भूमिपूजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक खजुराहो के निजी होटल में सम्पन्न हुई। बैठक में खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था बस व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, हितग्राहियों की संख्या, आसपास के जिले के लोगों को शामिल करने की व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि जल अभियान से आमजन जनता को जोड़ने के लिए संकल्प पत्र बांटे जाएं। उन्होंने एसपीजी की बैठक के उपरान्त समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सांस्कृतिक कार्यक्रम जो म.प्र. के लोकल सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रदर्शित करें। बैठक में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने पीपीटी के माध्यम से कार्यक्रम के रूट चार्ट, कार्यक्रम स्थल एवं अन्य तैयारियों के ऊपर बिंदुवार प्रस्तुतीकरण किया। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजुराहो के मेला ग्राउंड कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी इतिहास में विश्व की नई इबारत लिखने जा रहे। जो नई घटना होगी और बुंदेलखंड के पूरे इलाके को सूखामुक्त करने के लिए भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने जो सपना देखा था उसे पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी अटल जी की जयंती पर आ रहे है। इस परियोजना से साढ़े आठ से अधिक हेक्टेयर जमीन को सिंचाई का लाभ मिलेगा और लाखों लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।



# टायर फटने से अनियंत्रित ट्रक अंडे के ठेलों सहित पेड़ से टकराया

## दो गौवंश एवं आवारा कुत्तों की मौत, दो युवक घायल

*छतरपुर। बीत रात करीब 11 बजे बस स्टैंड के समीप महोबा रोड पर उस वक्त हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई, जब एक ट्रक का टायर ब्लास्ट होने के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे अंडे के ठेलों सहित पेड़ से जा टकराया। हादसे में दो युवकों के घायल होने के साथ-साथ, दो नग गौवंश और आवारा कुत्तों की मौत हुई है।*



बताया गया है कि ट्रक महोबा रोड से छतरपुर शहर की ओर आ रहा था तभी बस स्टैंड के पास ट्रक का टायर ब्लास्ट हो गया और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे अंडे के ठेलों से जा टकराया। गनीमत रही कि एक बड़े पेड़ से टकराकर ट्रक रुक गया था, अन्यथा पीछे की दुकानों पर बैठे लोग भी इसकी चपेट में आ सकते थे। जो दो लोग घायल हुए हैं उनमें ट्रक चालक सहित अंडे के ठेले पर खड़ा युवक रविन्द्र अहिरवार शामिल है, दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मुड़ेरी गोलीकांड को लेकर दो पूर्व विधायकों के साथ एसपी से मिला पीड़ित पक्ष

## घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

छतरपुर। बीते रोज लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ेरी निवासी एक युवक ने आरोप लगाया था कि गांव के कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट कर उसे गोली मार दी है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना शुरू की थी। शुक्रवार को प्रकरण में आरोपी बनाए गए पक्ष के लोगों ने दो पूर्व विधायकों के साथ जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए पूरे मामले को षडयंत्र बताया है।



ज्ञापन देने पहुंचे मुड़ेरी निवासी जितेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि 14 अगस्त 2024 को उसके ऊपर जानलेवा हमला हुआ था, जिसकी रिपोर्ट लवकुशनगर थाना में दर्ज कराई गई थी। उसकी शिकायत पर पुलिस ने गांव के पप्पू उर्फ कृष्णकान्त गर्ग, रज्जू उर्फ रामनिवास शुक्ला, सत्यम तिवारी, दीपू तिवारी, गनेश गर्ग और बल्लू मिश्रा पर मामला दर्ज किया था। इसी प्रकरण में राजीनामा का दबाव बनाने के लिए बीते रोज सत्यम तिवारी के भाई विनोद तिवारी ने स्वयं के पैर में गोली मारकर अरविन्द मिश्रा, गनेश मिश्रा, शंकर मिश्रा, विनोद मिश्रा, छुटटी मिश्रा और भूरा सिंह के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी है। वहीं पूर्व विधायक राजेश प्रजापति ने बताया कि लवकुशनगर पुलिस द्वारा मामले की जांच किए बिना एफआईआर दर्ज कर ली गई है जबकि घटना के वक्त भूरा सिंह सहित अन्य लोग अपने-अपने कार्य स्थल पर थे। उन्होंने कहा कि मामले में आरोपी बनाए गए भूरा सिंह, सेल्समैन पद पर हैं और घटना के वक्त वह ग्रामीणों को राशन वितरित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है।

# आचार्य विद्यासागर जी महाराज का महाप्रयाण दिवस 6 फरवरी को मनाने का लिया निर्णय

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र स्वर्णोदय तीर्थ खजुराहो ट्रस्ट कमेटी स्वर्णोदय तीर्थ न्यास के महामंत्री इंजी रमेशचंद्र जैन प्रेमी ने कहा कि हमारे सभी अनुष्ठान अंग्रजी तिथी में न होकर हिंदी मिती से ही होते है, आचार्य गुरूदेव विद्यासागरजी महामुनिराज का भौतिक रुप से जन्मोत्सव भी हम लोग सारे विश्व में 卐शरद पूर्णिमा卐 को ही मनाते आए है उसी अनुरुप आचार्य गुरुदेव का समाधि दिवस भी हिंदी मिती माघ सुदी नवमी दिनांक 6 फरबरी गुरुवार को मनाया जायेगा। आचार्य गुरूदेव की समाधि चंद्रगिरी क्षेत्र डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में हुई थी उधर तो यह कार्यक्रम वृहद रुप में मनाया ही जायेगा लेकिन मेरा मानना है यह आयोजन किसी एक क्षेत्र में न होकर संपूर्ण भारत का होंना चाहिये। आचार्य गुरुदेव अकेले जैन समाज के ही संत नहीं थे वह जन जन के संत थे। उन्होंने ऐसी ख्याति तथा यशकीर्ति प्राप्त की थी कि आम



जनमानस उनके प्रति अटूट श्रद्धा रखता था यह पूज्य गुरुदेव का अपना प्रभाव और आभामंडल था ऐसे महमना संत का समाधि दिवस प्रत्येक महानगर, नगर और तहसील स्तर पर यह आयोजन जैन एवं जैनेतर समाज द्वारा बहूत वृहद रूप में मनाया जाऐ तथा इस कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों तथा श्रेष्ठीवर्ग को आमंत्रित कर आचार्य गुरूदेव के प्रति विनयांजली सभा आयोजित कर गुरुदेव के आशीर्वाद से संचालित द्वारा समूचे प्रकल्पों की जानकारी जन जन को दी जाना चाहिये। स्वर्णोदय तीर्थ के मंत्री ने खजुराहो में चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि आचार्य गुरुदेव भले ही इस दुनिया चले गये हों लेकिन उनके भक्त समूचे भारत ही नहीं अपितु विदेश में भी मौजूद है तथा आचार्य भगवन के पट्ट शिष्य नवाचार्य आचार्य समयसागर जी महाराज खजुराहो में विराजमान है। उनके निर्देशन से क्षेत्र में विकास कार्य संपन्न किये जाऐंगे।उन्होंने आगामी योजना की जानकारी देते हुये बताया खजुराहो अंतरराष्ट्रीय पर्यटन क्षेत्र है तथा यहां विदेशों से यात्रियों का आना जाना लगा रहता है विश्व स्तर पर जैन धर्म की प्रभावना हो तथा जैन संत की चर्या से पूरा विश्व परिचय प्राप्त कर सके। खजुराहो भारतवर्ष का ऐसा इकलौता क्षेत्र है जहां पर जैन आते है वह अलग विषय है यहां पर जैनेतर समाज के साथ विदेशी पर्यटक भी बहुत बड़ी आते रहते है। इतनी तेज ठंड में जब वह नग्न दिगम्बर साधुओं को देखते है तो उनको बड़ा आश्चर्य होता है, क्योंकि इतनी तेज ठंड में जहां आम इंसान गरम कपड़े पहने पहनकर भी ठंड का अनुभव करते है वहीं इस प्रकार से वह नग्न दिगंबर साधुओं को देखता है तो उनकी दृष्टि में यह बहूत अजूबा लगता है। जैन साधुओं के प्रति उनकी दिलचस्पी बढ़ जाती है। वह जैन धर्म और जैन साधुओं के बारे जानना चाहते है उनकी चर्या के संबंध में जानकारी लेते है। जैन साधुओं के पास आकर बैठते है तथा वह खुद यह कहकर जाते है कि वास्तव में यह तो मनुष्य के रुप में साक्षात भगवान है। 2018 में जब यहां पर आचार्य गुरूदेव का चातुर्मास स्वर्णोदय तीर्थ खजुराहो में हुआ था उस समय अमेरिका के राजदूत यहां पर आये आचार्यश्री से साधु चर्या एवं शाकाहार पर चर्चा की उस समय पर गुरुदेव की चर्या से प्रभावित होकर उन्होंने मांस का त्याग करके शाकाहार का नियम लिया था। अभी भी जैन साधुओं के पास आकर विदेशी पर्यटकों का आवागमन रहता है। उन्होंने कहा कि विश्व में जैन दर्शन को पहुंचाने के लिये इस क्षेत्र का विकास होना अति आवश्यक है।

इसके लिये दिगंबर जैन साधुओं का आवागमन इस क्षेत्र पर बना रहना चाहिये। चूंकि खजुराहो में ठंड के समय पर तेज ठंड पड़ती है जिसमें दौपहर तक ओस बनी रहती है धूप का तो नामो निसान नहीं रहता तथा गरमी के समय पर पहाड़ी क्षेत्र होने से बहुत गर्मी भी पड़ती है ऐसी स्थिति में साधू को मौसम की मार से बचाने लिये ऐसे संत निवास का निर्माण करना है जो मौसम के बातावरण को संतुलित रख सकें। दूसरा सबसे महत्वपूर्ण कार्य है कि जब संतों का आवागमन होता है टेम्परेरी चौका बनवाना पड़ते है, इसका भी स्थाई समाधान ढूढना है और लगभग 40 चौके स्थाई बनाना है जिनमें आवास की भी सुविधा हो। खजुराहो आने वाले श्रावकों किसी भी प्रकार की असुविधा न हो ऐसे चौके का निर्माण भी बहुत जरूरी है।

# डॉ.जगदीश कुमार की बहाली करने वाले अधिकारियों को हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

हरपालपुर। कुछ माह पूर्व नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सक डॉ जगदीश कुमार की लापरवाही से दीपक अहिरवार की गर्भवती पत्नी की मौत का



मामला सामने आया था। दीपक की शिकायत की जांच के बाद सागर कमिश्नर ने डॉ जगदीश कुमार को दोषी करार देते हुए निलंबित किया था लेकिन डॉ जगदीश कुमार अपनी राजनीतिक पकड़ के चलते मात्र 5 दिनों में बहाल हो गए थे। इसी बात दुखी दीपक ने अब उच्च न्यायालय की शरण ली है, साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर डॉ जगदीश कुमार को बचाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। हाईकोर्ट की अधिवक्ता ज्योति-प्रवीण वर्मा का कहना है कि हाईकोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेकर हुए डॉक्टर को बहाल करने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं। वहीं सीएचएमओ छतरपुर डॉ आरके गुप्ता का कहना है कि, डॉ जगदीश कुमार के मामले की विभागीय जांच अभी चल रही है।

# दो हाइवों में हुई भिड़ंत, पिकअप जीप ने नदी में लगाई छलांग,नहीं हुई जनहानी

## कोहरे की आमद होते ही,चालकों की लापरवाही आने लगी सामने





**प्रकाश मिश्रा/चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। गौरिहार थानान्तर्गत शुक्रवार की सुबह लगभग सात और आठ बजे के बीच घटित हुए दो सड़क हादसों ने आमजन को एक बार सोंचने पर विवश कर दिया कि, आये दिन होने वाले सड़क हादसों के चलते लगभग रोजाना ही कई लोग निर्दोष होने के बाद भी अकाल ही मौत की आगोश में चले जाते हैं।हालांकि गौरिहार थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में किसी प्रकार की कोई जनहानी नहीं हुई है।गौरतलब है कि अधिकांश सड़क हादसों में वाहन चालक की लापरवाही सामने आती हैं। इसके बाद भी सड़क हादसों के सिलसिलों के न थमने से,यातायात विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना लाजिमी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े साथ बजे थानान्तर्गत गौरिहार- सरवई मार्ग पर गहबरा तिराहा के समीप दो हाइवा ट्रकों के बीच आमने -सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रत्यदर्शी गहबरा निवासी सोनू प्रजापति ने बताया कि आज सुबह करीब साढ़े सात बजे मैं तिराहा में सड़क किनारे लगे हैण्ड पम्प में नहा रहा था कि चुरयारी में संचालित क्रेशर प्लांट से गिट्टी भरकर मटौंध उत्तरप्रदेश की ओर जा रहे ट्रक और प्लांट में गिट्टी लेने जा रहे ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। उक्त दुर्घटना से हुई तेज आवाज से मैं भी भयभीत हो गया था। सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही डायल 100 वाहन से गौरिहार थाना प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर अपने हमराही आरक्षक अमित शर्मा व चालक नरेन्द्र कुमार,पप्पू दीक्षित के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निजी वाहन से हादसे में घायल एक चालक को जिसका पैर टूट गया था उसे त्वरित ईलाज हेतु समीपी शहर भिजवाया। इसके बाद टीआई श्री तोमर ने स्वयं मौके पर खडे होकर बीच सड़क में खड़े दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों को हैड़रा मशीन व जेसीबी के द्वारा सड़क से अलग खड़ा करवाकर बाधित यातायात को सुचारू रूप से चालू कराया।वहीं दूसरा सड़क हादसा थानान्तर्गत ही गौरिहार- बाँदा मार्ग पर खड्डी के समीप केल नदी के पुल पर हो गया। जहाँ पर एक पीकप यूपी 78 जीटी 3605 के अज्ञात चालक की लापरवाही के कारण उक्त वाहन सीधा केल नदी में कूद गई। हालांकि इस हादसे में भी कोई हताहत नहीं हुआ यहाँ तक कि न तो चालक सहित किसी सवार को व वाहन को खरोंच तक नहीं आई।

प्रत्यद्रशियों के मुताबिक उक्त दोनों ही घटनाएँ घने कोहरे व वाहन चालकों की लापरवाही की वजह से हुई हैं।घटना की जानकारी देते हुए निरीक्षक श्री तोमर ने बताया कि शुक्रवार सुबह ट्रक क्रमांक यूपी इकहत्तर बीटी 0180 के चालक फतेहपुर निवासी महेन्द्र पाल एवं ट्रक क्रमांक यूपी तेंतीस बीटी 1425 के चालक ओमप्रकाश सोनकर निवासी फतेहपुर कि लापरवाही की वजह से सड़क हादसा हो गया था। जिसमे महेंद्र का पैर टूट गया था जिसे इलाज हेतु बाहर भिजवाया गया है। दोनों वाहन चालकों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही कर मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है।दूसरे हादसे के बारे में श्री तोमर ने अनभिज्ञता जाहिर केते हुए बताया कि इस मामले संबंधित किसी प्रकार की सूचना थाने में नहीं आई है।

गौरतलब है कि जब से चूरयारी में क्रेशर प्लांट संचालित हुए हैं तब से प्लांटों से गिट्टी का परिवहन करने वाले ट्रकों की आवाजाही रात दिन होती है। इस दौरान इनकी गति बहुत तेज रफ्तार होती है जिससे दुर्घटनाओं के होने का अंदेशा बना रहता है। उक्त दोनों घटनाओं को यदि स्थानीय प्रशासन हल्के में लेता है तो आने वाले समय में गंभीर हादसों के होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

# छात्रों में नैतिक मूल्यों और ईमानदारी की भावना का विकास करना है, ताकि वे समाज में बदलाव ला सकें- अशोक मिश्रा

## डी. ए.वी बी.आर में इंटेग्रिटी क्लब के समापन समारोह की झलक

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ डी. ए.वी बी.आर विद्यालय के प्रांगण में इंटेग्रिटी क्लब के समापन समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य अतिथि शिरीष चांदेकर (जनरल मैनेजर, एचआर विभाग, बीना रिफाइनरी) दिनकर टोनसे (विजिलेंस विभाग, बीपीसीएल, मुंबई), और हेमंत धारीवाल (इंटेग्रिटी क्लब के प्रेरक सदस्य) सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।




समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि शिरीष चांदेकर, दिनकर टोनसे और हेमंत धारीवाल के साथ प्रधानाचार्य ए. के. मिश्रा एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे । दीप प्रज्वलन के पश्चात %मानवता के मन मंदिर में% प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया, जिससे सभी उपस्थित लोग गहरे ध्यान में खो गए कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती अमरजीत दिनेश राय द्वारा किया गया शिक्षक कालीचरण षड़ंगी द्वारा मंत्र पाठ किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य ए.के.मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हम अत्यंत सम्मानित महसूस करते हैं कि हमारे बीच आज शिरीष चांदेकर,दिनकर टोनसे एवं हेमंत धारीवाल जैसे सम्माननीय अतिथि मौजूद हैं, जिनका जीवन समर्पण और नैतिकता का प्रतीक है। उनके मार्गदर्शन से इंटेग्रिटी क्लब के सदस्य हमेशा प्रेरित होते रहेंगे।

इसके बाद, हेमंत धारीवाल ने अपने उद्देश्यपूर्ण भाषण में छात्रों को इंटेग्रिटी क्लब की महत्ता और इसके उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि क्लब का उद्देश्य छात्रों में नैतिक मूल्यों और ईमानदारी की भावना का विकास करना है, ताकि वे समाज में बदलाव ला सकें।

# सागर में हिंदी कॉल सेंटर एवं बीपीओ की स्थापना को लेकर सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने केंद्रीय संचार मंत्री को मांगपत्र सौपा



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। वर्तमान युग डिजिटल का युग है, जिसमें हर कार्य लगभग डिजिटल माध्यम से संचालित होने लगा है, इस बदलते परिवेश में भारत जैसे ग्रामीण प्रधान देश के विकास के लिए डिजिटल सेवाओं को ग्रामों और छोटे शहरों तक पहुंचाना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। इसी दिशा में सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर सागर में हिंदी कॉल सेंटर एवं बीपीओ की स्थापना के लिए मांग पत्र सौंपा है। यह कॉल सेंटर एवं बीपीओ न केवल हिंदी भाषी ग्राहकों को उनकी भाषा में उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं, विशेषकर महिलाओं, के लिए रोजगार और कौशल - विकास के नए अवसर भी प्रदान करेगा।

सांसद वानखेड़े ने मंत्री को अवगत कराया कि सागर जैसे शहर में हिंदी कॉल सेंटर एवं बीपीओ की स्थापना से डिजिटल सेवाओं के संतुलन को बेहतर बनाया जा सकता है। इसके माध्यम से न केवल ग्रामीण और छोटे शहरों के लोगों को लाभ मिलेगा, बल्कि आईटी और बीपीओ सेक्टर का विकेंद्रीकरण भी संभव होगा। यह पहल डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। स्थानीय विकास और रोजगार सृजन का केंद्र बनेगा सागर मध्यप्रदेश के केंद्र में स्थित एक प्रमुख शहर है, जो भोपाल, इंदौर, और जबलपुर जैसे बड़े शहरों से रेल और सड़क मार्ग द्वारा जुड़ा हुआ है, इस क्षेत्र में डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान हैं, जहां से हर वर्ष बड़ी संख्या में योग्य और प्रशिक्षित स्नातक निकलते हैं इसलिए यह पहल इन युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।

# बाबा साहब ने देश को एक ऐसा संविधान प्रदान किया जो हम सभी को मार्ग प्रशस्त करता है-शालू बिलगैया

## -बाबा साहब का यह अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान, युवक कांग्रेस ने निकाली सद्बुद्धि यात्रा
## -युवक कांग्रेस द्वारा बाबा साहब पर की गई टिप्पणी को लेकर सद्बुद्धि मार्च निकाला गया

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना (सागर)बाबा साहब का यह अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान, युवक कांग्रेस ने निकाली सद्बुद्धि यात्रा,युवक कांग्रेस द्वारा बाबा साहब पर की गई टिप्पणी को लेकर सद्बुद्धि मार्च निकाला गया।




उल्लेखनीय है कि संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर पर लोकसभा सदन में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को बीना युवक कांग्रेस अध्यक्ष शालू बिलगैया के नेतृत्व में सद्बुद्धि मार्च सर्वोदय चौराहा पेट्रोल पंप से अंबेडकर तिराहा तक निकाला गया। जहां पर जमकर नारे बाजी हुई, एवं राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार हेमराज मेहर को ज्ञापन सोपा गया। इस मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष शालू बिलगैया ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहब के ऊपर अभद्र टिप्पणी की गई इसकी हम कटु निंदा करते हैं । बाबा साहब ने देश को एक ऐसा संविधान प्रदान किया जो हम सभी को मार्ग प्रशस्त करता है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर यादव ने कहा बाबा साहब हमारे लिए मार्गदर्शक पथ प्रदर्शक के रूप में है इस तरह की टिप्पणी करना उचित प्रतीत नहीं होता मैं इसकी कटु शब्दों में निंदा करता हूं।



इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर यादव,शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, डॉक्टर ओमप्रकाश कैथोरिया, नेता प्रतिपक्ष प्रशांत राय, शशि मोहन तिवारी, पीपी नायक, अजय प्रताप सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश पासु, जगदीश पाराशर, आशीष चौबे, सतीश तिवारी, प्रमोद राय, पुष्पेंद्र तिवारी, पार्षद विवेक पोरिया, नरेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रांत गोलंदाज,खुशीलाल अहिरवार जिला पंचायत सदस्य, शुभम नामदेव, श्याम व्यास, सुखलाल अहिरवार, डॉक्टर देवदत्त तिवारी, पार्षद अतीक खान, लल्लू अहिरवार, अभिजीत सिंघई, परितोष तिवारी, जतिन झा, भाव सिंह यादव, पार्षद प्रकाश बजाज, श्याम व्यास, रोहित जैन, आकाश अहिरवार, उमा नवैया, महेंद्र नवैया, रोहित जैन, शिवानी अहिरवार, राजेंद्र अठिया, शालक राम यादव, निदान जैन, शुभम ठाकुर, अशोक सेन, विजय अहिरवार, कूरेलाल, आदेश समैया, केदार पटेल, प्रिंस विश्वकर्मा, खुशी लाल,के अलावा अनेक युवक कांग्रेस के कार्यकर्तागण मौजूद रहे ।

# विश्वविद्यालयः बायोटेक्नोलॉजी विभाग के डॉ. उपाध्याय को उत्कृष्ट शोध के लिए मिला फेलो अवार्ड




परिहार गर्जना न्यूज। सागर. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सहायक प्रो. डॉ चन्द्रमा प्रकाश उपाध्याय को मंगलायतन विश्वविद्यालय अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में एसोसिएशन आफ़ बायोटेक्नोलॉजी एंड फार्मेसी द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में सोसाइटी फेलो के रूप में गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. डॉ उपाध्याय को यह सम्मान उनके कृषि बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट रिसर्च के लिए दिया गया. विदित हो कि सोसाइटी फॉर बायोटेक्नोलॉजी एंड फार्मेसी अपने वार्षिक अधिवेशन में देश-विदेश के आठ वैज्ञानिकों को बायोटेक्नोलॉजी और फार्मेसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध करने वाले वैज्ञानिकों को नामित कर सम्मानित करती है. इस सोसाइटी के देश और विदेश में पाँच हज़ार से ज्यादा सदस्य पंजीकृत हैं. सोसाइटी के जनरल सेक्रेटरी प्रोफ़ संभाशिवा राव (पूर्व कुलपति नागालैंड केंद्रीय विश्वविद्यालय) ने शुभकामनाएं व्यक्त कीं. मुख्य अतिथि जॉर्जिया विश्वविद्याल के निदेशक प्रॉफ़ टी स्वामी ने यह सम्मान प्रदान किया. इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश और दुनिया के लगभग दो सौ से ज़्यादा वैज्ञानिकों ने भाग लिया जिसमे अमेरिका, कनाडा, जापान, ब्राजील, कोरिया आदि देशों के वैज्ञानिक शामिल हुए. डॉ. उपाध्याय की इस उपलब्धि पर विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने शुभकामनाएं दी हैं. विश्वविद्यालय के शिक्षक समुदाय ने भी उन्हें बधाई प्रेषित की है.

# मनुष्य जाति से नही सुकर्मो से जाना जाए है के भाव रखने वाले संत गाडगे को पुष्पांजलि अर्पित की

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। डॉ भीमराव अंबेडकर संत बाबा गाडगे की विचारधारा से बहुत प्रभावित थे आज राष्ट्र संत बाबा गांडगेजी की पुण्य तिथि अवसर पर सच्चे मन से याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत यादव ने कहा की समाज में जब तक समानता समभाव नहीं आता तब तक भारत की जनता की उन्नति संभव नहीं। ऊंच नीच, समाज में व्याप्त दुर्भाव के कारण देश की 85न जनता आज भी अपने संपूर्ण हको से वंचित है बडता पूंजीवाद समाज में नई खाई पैदा कर रहा है। इस अवसर प्रवक्ता रवि सोनी शरद पुरोहित हीरालाल चौधरी भैयन पटेल महेश जाटव लीलाधर सूर्यवंशी शिवप्रसाद रजक राहुल चौबे श्रीदास रैकवार जितेंद्र चौधरी बंटी पंथी मनोज पवार नाथूराम अहिरवार टीकाराम दीवान नीलेश रोहित चक्रेश रोहित अभिषेक तिवारी सागर साहू जय खटीक आदि सभी उपस्थित थे।



# शोध छात्र, आशु अहिरवार दिल्ली में राष्ट्र कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सर डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय में इतिहास विषय के शोधार्थी आशु अहिरवार को मिशन- अमर शहीद-अमर जवान राष्ट्रीय संस्था के अध्यक्ष माननीय श्री गुरुबक्श सिंह जी एवं संस्थापक श्री धर्मेंद्र अज्ञानी जी द्वारा नेशनल वॉर मेमोरियल इंडिया गेट, नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज सेवी कार्य एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के विषय में लेखन हेतु प्रदान किया गया है। उनके लेखन द्वारा समाज में राष्ट्रीय चेतना एवं विस्मृत स्वतंत्रता सेनानी तथा उनके उत्तराधिकारी परिवार को इतिहास में न्यायोचित स्थान दिलाने के साथ -साथ समाज में उनके प्रति सजकता को दर्शाने के लिए किया जा रहा है। सम्मान समारोह में उपस्थित राष्ट्रीय सचिव श्रीमान अशोक सोनी %निडर% जी, भिंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार के जिला अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश कुशवाहा एवं सचिव माननीय सुनील दत्त शर्मा जी, माननीय राकेश चौरसिया (ग्वालियर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार के जिला अध्यक्ष), आदि राष्ट्रीय स्तर के विद्वान उपस्थित थे।



# डोली उठने के चंद रोज बाद ही उठ गई दुल्हन की अर्थी

## अज्ञात कारणों से नव विवाहिता ने लगाई फांसी

सौरभ खरे

परिहार गर्जना न्यूज। मोहनगढ़। जिस घर में कुछ दिन पहले ही शहनाई गूंज रही थी, पन्द्रह दिन बाद ही उस घर में मातम पसर गया। नव विवाहिता के हाथों की मेंहदी का रंग भी नहीं छूटा था, कि उसने डोली से उतरने के कुछ ही दिनों बाद अर्थी को चुन लिया। फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। नव विवाहिता की मौत पर मातम पसरा हुआ है। लोगों में अटकलों का बाजार गर्माया हुआ है। पत्नी की खुदकुशी के कारण पति के हाथों की मेंहदी का रंग छूटने से पहले ही उसकी जिंदगी ही बेरंग हो गई। घटना के संबन्ध में बताया गया है कि गुरुवार को मोहनगढ़ में अज्ञात कारणों के चलते एक नव विवाहिता ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों की सूचना पर मोहनगढ़ थाना पुलिस के साथ मोहनगढ़ तहसीलदार गोविंद सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना



किया। इसके तत्पश्चात पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही कर नव विवाहिता के मृत शव को परिजनों की मदद से नीचे उतरा। शव उतार कर परिजनों से घटना की पूंछतांछ की। इस दौरान परिजनों ने बताया कि नव विवाहिता रीना केवट उम्र 22 वर्ष की शादी मोहनगढ़ निवासी रवि केवट से इसी माह 5 दिसंबर को हुई थी। दोनों पति पत्नी तालमेल से रह रहे थे। गुरुवार की दोपहर 3 बजे नव विवाहिता की सास बाजार चली गई और ससुर खेत पर था। इसके साथ ही पति भी घर पर नहीं था। नव विवाहिता ने मौका पाकर अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मोहनगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है।

# असहायों की मदद के लिए आगे आयें समाजसेवी-एसके जैन

## मानवीय संवेदना समिति ने ग्राम मऊघाट में बांटे कंबल और मोजे

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। इन दिनों जिले भर में शीतलहर का प्रकोप जारी है, शीतलहर की चपेट में आने से लोग बीमार हो रहे है। गरीब और निस्सहाय परिवारों के लोगो की हालत और भी चिंताजनक है। सर्दी से लोगों को बचाने के लिए कंबल और गर्म कपड़े दान करने से अनेक जानें बचाई जा सकती है। लोगों को चाहिए कि वह कंबल वितरण जैसे कार्यों को करके गरीबों की सेवा करें। यह विचार ग्राम मऊघाट में कंबल, मोजे वितरण के दौरान समाजसेवी एसके जैन ने व्यक्त किये। मानवीय संवेदना समिति द्वारा ग्राम मऊघाट में अनेक गरीब और निस्सहाय लोगों को कंबल और मोजे



वितरित किये गए। जिन्हें कम्बल और मोजे प्रदान किए गए, उनमें बंशी कुशवाहा, धोकल कुशवाहा, कल्लूबाई कुशवाहा, लंपुबाई कुशवाहा, सविता कुशवाहा, हीराबाई कुशवाहा, जशोदाबाई कुशवाहा, बेटीबाई कुशवाहा, तुलसीबाई कुशवाहा के नाम शामिल रहे। इस मौके पर मानवीय संवेदना समिति के सचिव मनीराम कठैल ने कहा कि समिति द्वारा यह अभियान आगे भी चलाया जाता रहेगा। कठैल ने लोगों से भी इस समाजसेवी यज्ञ में आहुति देने अपील की है, जिससे अधिक से अधिक लोगों का भला हो सके। ग्राम मऊघाट में कंबल वितरण के दौरान स्वतंत्र कुमार जैन, इरफान अहमद, बीडी यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा गेहूँ फसल में अन्तः कर्षण क्रिया का किया प्रशिक्षण

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ के द्वारा आज कृषि महाविद्यालय के छात्रों को गेंहूँ फसल पर बुवाई के 25-30 दिनों में फसल-खरपतवारों की प्रतियोगिता को कम करने के लिए क्रांतिक अवस्था में अन्तः कर्षण क्रिया द्वारा जल, स्थान, पोषक तत्व एवं प्रकाश संश्लेषण को बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।



अन्तः कर्षण क्रिया अंतर्गत साइकिल हो द्वारा कतारों के बीच में लगे हुए चौड़ी एवं सकरी पत्ती के खरपतवारों को निकाला गया एवं विरलन क्रिया द्वारा फसल सघनता को कम किया गया, जिससे प्रति हेक्टेयर उचित पौध संख्या प्राप्त हो सके। गेहूँ की फसल में प्रमुख रूप से बथुआ, खरतुआ, कृष्ण नील, चटरी-मटरी, हिरणखुरी, सतगढिया, गेंहूँसा, जंगलीजई, आदि खरपतवारों को विद्यार्थियों ने पहचान कर खेत से निकाला। यदि समय पर गेहूँ की फसल में खरपतवार नियंत्रण कर लिया जाता है तो उत्पादन 50-60 कु./हे. प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. डी.एस. तोमर, डॉ. एम.के. नायक, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी.एस. किरार साथ ही वैज्ञानिक डॉ. आर.के. प्रजापति, डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. यू.एस. धाकड़, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. एस.के. जाटव एवं जयपाल छिगारहा उपस्थित रहे।

# बाबा साहब को लेकर अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी अपमान जनक

## भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने किया प्रदर्शन

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में जिला मुख्यालय टीकमगढ़ पर आर्मी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। बताया गया है कि भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देश अनुसार किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के ब्यानों को आपत्ति जनक बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सत्ता मद में चूर गृहमंत्री अमितशाह के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रति अपमान जनक टिप्पणी की गई है। भीम आर्मी कार्यकर्ता जिसकी निंदा करते हैं। बाबा साहब के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने पर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के क्रांतिकारी जिला प्रभारी टीकमगढ़ राजकुमार की अध्यक्षता में डंडा और झंडों के साथ प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। इस अवसर



पर बढ़ी संख्या में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला उपाध्यक्ष सुनील राज अंबेडकर, विधानसभा अध्यक्ष टीकमगढ़ नंदराम नंदू भैया, विधानसभा अध्यक्ष जतारा मोनू चौधरी, शनि,अशोक, अर्चना वर्मा, दीपक वंशल, हर्ष, प्रेमलाल, संजू, अनिल, रवि, दीपक जाटव, अजय राज, रोहित राकेश भास्कर, आशीष, साहिल, पुष्पेंद्र, जितेंद्र जाटव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा जारी कार्यवाहियां-

# डायल-112 एफ आरव्ही में तैनात जवानों की मानवीय पहल, बुजुर्ग को पहुंचाया घर

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। इन दिनों पुलिस प्रशासन द्वारा अपराध पर काबू पाने के साथ-साथ समाजसेवा के अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। लोगों ने पुलिस के बदलते व्यवहार और उनकी बदलती कार्यशैली की सराहना करते हुए खुशी जाहिर की है। शीत लहरों के प्रकोप से जूझते लोगों को गर्म कपड़ों को बांटने में जहां पुलिस कर्मचारी अपनी रूचि दिखाने में लगे हैं, तो वहीं दूसरी ओर शीत लहर के प्रकोप से जूझने वाले राहगीरों को उनके घर तक छोड़ने का सराहनीय कार्य करते भी पुलिस कर्मचारी नजर आने लगे हैं। बताया गया है कि डायल-112 ने थाना लिधोरा क्षेत्र अंतर्गत ठंड में एक बुजुर्ग को सकुशल पहुंचाया उनके घर। रात्रि में बृद्ध को घर जाने हेतु वाहन नहीं मिल रहा था। डायल-112 की मदद से आखिर राहगीर को उसके निवास तक पहुंचाया गया,



परिजनों ने डायल 112 के पुलिस जवानों को धन्यवाद किया। बताया गया है कि मुख्यमंत्री एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा कार्यवाहियां निरंतर जारी हैं। इसी तारतम्य में टीकमगढ़ जिले के लिधोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 दिसम्बर 2024 को एक इवेंट पर छिपरी गई डायल-112 एफ आरव्ही जब वापिस आ रही थी, तो रानीगंज तिगेला से लिधोरा कस्बा रोड पर रात्रि में ठंड में एक बुजुर्ग पैदल लिधोरा कस्बा की ओर जाते दिखे। एफआरव्ही वाहन में तैनात जवानों ने बुजुर्ग से नाम पता पूंछा, जिन्होंने अपना नाम हरदयाल पिता रमसू कुशवाहा निवासी भूतेश्वर मुहल्ला लिधोरा बताया एवं वाहन न मिलने से पैदल घर जाना बताया गया । डायल 112 के जवानों ने उन्हें तत्काल अपने साथ एफ आरव्ही वाहन में बिठाकर उनके घर सकुशल पहुंचाया । जिसका बुजुर्ग एवं उनके परिजनों द्वारा धन्यवाद दिया एवं पुलिस की सराहना की गई । टीकमगढ़ पुलिस द्वारा निरंतर मानवीय सेवा के कार्य जारी हैं।

# कांग्रेस पार्टी के जिला प्रभारी संजय यादव तथा सह प्रभारी राजभान सिंह आज से जिले के तीन दिवसीय संगठनात्मक भ्रमण पर रहेगें

ऋषि मिश्रा



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा लगातार पार्टी को मजबूत करने के लिए कमर कस ली है, तथा प्रदेश कमेटी द्वारा बनाये गये जिला प्रभारी तथा सह प्रभारीयों द्वारा सघन भ्रमण किया जा रहा है, इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी के महासचिव तथा जिला प्रभारी संजय यादव एवं सहप्रभारी राजभान सिंह तीन दिवसीय संगठनात्मक जिले का भ्रमण कर रहें है, प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी किये गये कार्यक्रम के अनुसार 21 दिसम्बर को दोपहर दो बजे शाहनगर ब्लाक पदाधिकारीयों की बैठक लेगें, तत्पश्चात् चार से पांच बजे रैंपुरा ब्लाक के पदाधिकारीयों की बैठक लेगें, तथा छह बजे पन्ना जिला मुख्यालय के समस्त विभाग, प्रकोष्ट पदाधिकारीयों की बैठक लेगें एवं रात्रि विश्राम पन्ना में करेगें। 22 दिसम्बर को ग्यारह से बारह बजे अजयगढ़ ब्लाक पदाधिकारीयो की बैठक लेगें, एक से दो बजे धरमपुर ब्लाक, तीन से चार बजें देवेन्द्र नगर ब्लाक तथा 4:30 से 5:30 बजे से पन्ना ब्लाक के समस्त पदाधिकारीयो की बैठक लेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। 23 दिसम्बर को 11 से 12 बजे गुनौर ब्लाक पदाधिकारीयो की बैठक लेगें, 1 से 2 बजे अमानगंज ब्लाक पदाधिकारीयो की बैठक लेगें, 3 से 4 बजे सिमरिया ब्लाक के पदाधिकारीयो की बैठक लेगें, तथा 4 से 6 बजे पवई ब्लाक पदाधिकारीयो की बैठक लेगें, तत्पश्चात् जबलपुर के लिए प्रस्थान करेगें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नें जिले के सभी जिला पदाधिकारीयों, ब्लाक पदाधिकारीयो से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड में पर्यटन व रोजगार के अवसर पैदा होंगे:-विष्णुदत्त शर्मा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने केन बेतवा लिंक परियोजना को लेकर पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास के भागीरथ प्रधानमंत्री बुंदेलखंड के भाग्योदय की आधारशिला रखने आ रहे हैं। देश की पहली नदी जोड़ो केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इस परियोजना से समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र के साढ़े दस लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा और 62 लाख से अधिक लोगों को पीने का पानी मिलेगा। केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड में पर्यटन व रोजगार के अवसर पैदा होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसंबर को खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना की आधारशिला रखने आ रहे हैं। इस दौरान उन्होने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर उनका बचाव करते हुए कहा कि अमित शाह हमेशा अपने मन, कर्म व स्वभाव से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के कार्यो को प्रतिपादित कर रहे हैं। बाबा साहब को अपमानित करने वाली कांग्रेस पार्टी अब गुंडागर्दी पर उतारू हो गई है। कांग्रेस के खून में अंग्रेजों के जींस, वह आज भी फूड डालो और राज करो की नीति पर कार्य कर रही है। नदी जोड़ो परियोजना से बुंदेलखंड का पलायन रूकेगा, गरीबी और सूखे की समस्या से निजात मिलेगी। इस परियोजना से साढ़े दस लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी, जिससे क्षेत्र का पलायन रूकेगा। सिंचाई के खेत लहलहाएंगे और गरीबी व सूखे की समस्या से निजात मिलेगी। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, गुनौर क्षेत्र के विधायक राजेश वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, अशीष तिवारी, दुर्गेश शिवहरे आदि उपस्थित रहें।



## सरपंचो के अधीकारो को लेकर जिला अध्यक्ष बृजमोहन यादव ने मुख्यमंत्री को सौपा ज्ञापन



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना प्रवास पर आये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को राष्ट्रीय सरपंच संगठन के जिला अध्यक्ष बृजमोहन यादव ने ग्राम पंचायतो के सरपंचो की समस्याओं तथा अधिकारो को लेकर ज्ञापन सौपा तथा हैलीपेड़ पर उनका स्वागत किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पन्द्रहवे वित्त एवं पांचवे वित्त की राशि प्रत्येक वर्ष बढ़ाई जाये, वर्ष 2006 के पूर्व बनें पंचायत भवनो को सामुदायिक भवन मे परिवर्तित करते हुए नवीन भवन स्वीकृत किये जाये। प्रधानमंत्री आवास की लागत शहरी क्षेत्रो के अनुसार ढाई से तीन लाख रूपये की जाये, जनपद पंचायत को प्राप्त आवास लक्ष्य के लक्ष्य में पांच आवास की स्वीकृति हेतु संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच को अधिकारी दिये जाये, नरेगा योजना में प्रतिबंधित किये गये कार्यो को पुन: खोले जाने हेतु निर्देश दिये जाये। मनरेगा योजना अन्तर्गत श्रमिको की मजदूरी 350 रूपये किया जाये, सरपंच एवं पंचो के मानदेय मे शालाना बृद्धि की जाये, तथा सरपंचो को पंचायत मंत्री एवं मुख्यमंत्री के साथ प्रांत स्तर पर बैठक आयोति की जाये।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बुलंद नारी शक्ति संगठन नें मुख्यमंत्री का किया स्वागत



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना के पॉलिटेक्निक ग्राउंड में 19/12/2024 को आयोजित संत सम्मेलन, जल कलश यात्रा, एवं लोक कल्याण शिविर में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रवास के दौरान बुलंद आवाज नारी शक्ति आंगनवाड़ी संघ के द्वारा उनका जोरदार स्वागत प्रिया द्विवेदी तथा अन्य संगठन के पदाधिकारीयों द्वारा किया गया। इस दौरान संगठन द्वारा मुख्यमंत्री श्री यादव को बड़ी माला पहनाकर भगवान जुगल किशोर जी की प्रतिमा भेंट की गई। इस अवसर पर संगठन की अनेक महिलाए शामिल रही। जिसमें ऊषा गर्ग, जिला उपाध्यक्ष ममता खरे, साक्षी चौबे, अंजना बागरी, अभिलाषा पांडे, प्रतिमा यादव, अनीता यादव, ललिता गोस्वामी, लीला पटेल आदि।

# चाइना पतंग के धागा से बालिका के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी जबलपुर रेफर

## प्रतिबंध के बावजूद चाइना धागा विक्री पर नहीं लग रही लगाम आये दिन हो रही दुर्घटनाए

दयाशंकर दीक्षित



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/शासन तथा सरकार द्वारा प्रदेश में चाइना धागा पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद बाजार में पतंग मे लगने वाला चाइना धागा धड़ल्ले से दुकानदारो द्वारा विक्रय किया जा रहा है, जिससे आये दिन प्रदेश में अनेक दुर्घटनाए भी घटित हुई है, तथा इसी प्रकार की दुर्घटना पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 24 गहरा एनएमडीसी मे घटित हुई। जिसमें एक पांच वर्षीय बालिका कुमारी श्रद्धा पुत्री मनोज कुशवाहा गत दिवस 19 दिसंबर 2024 की शाम के 5:00 बजे घर के बाहर सड़क पर खेल रही थी, तभी एक ऑटो चालक तेज रफ्तार के साथ निकला जिसके पहिए में चाइना पतंग का तार चिपका हुआ था और इस तार की चपेट में बालिका के दोनों पैर आ गए। जिससे बालिका के दोनों पैर में गंभीर चोटें आई हैं तथा पैरो की नशे कट गई। जिला अस्पताल मे डॉक्टरो द्वारा ईलाज किया गया तथा उक्त बालिका के दोनो पैरो में चवालिस टांके लगाये गये है, स्थिती गंभीर देखते हुए बालिका को ईलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। लोगो ने प्रशासन से संबंधित मामले में चाइना धागा बेचने वाले दुकानदारो पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

## शासकीय विद्यालय में पंहुचकर मनाया बेटी का जन्मदिन विद्यालय कें बच्चो को वितरित की स्टेशनरी सामग्री



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के इटवा खास निवासी श्रीमती अंकित शर्मा पति भवानी शंकर शर्मा द्वारा अपनी बेटी का जन्मदिन शासकीय प्राथमिक शाला गहरा एनएमडीसी एवं शासकीय हाई स्कूल कुंजवन में पहुंचकर छात्र छात्राओं के बीच मनाया गया। इस दौरान श्रीमती अंकिता शर्मा एवं उनके पति भवानी शर्मा द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओ को स्टेशनरी सामग्री भेंट की गई, तथा मिष्ठान वितरित कर बच्चो को मुंह मीठा कराया। ज्ञात हो कि शर्मा दम्पत्ति द्वारा अपनी बेटी एवं बेटे का जन्मदिन प्रतिवर्ष विद्यालयों या छात्रावास, या वृद्धाश्रम मे मनाया जाता है। जो एक अनुकरणीय पहल है। उनकी इस पहल की लोगो द्वारा सराहना की जा रही है। इस अवसर पर समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी तथा कुंजवन शासकीय हाई स्कूल के सुनील पांडे शासकीय प्राथमिक शाला प्राचार्य एनएमडीसी के प्रधानाध्यापक कमल किशोर दुबे सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अबेडकर के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पार्टी ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन जमकर की नारेबाजी



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अपमान को लेकर पन्ना जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अंबेडकर चौक पर काली पट्टी बांधकर धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई तथा देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर माफी मांगने की मांग की गई है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह ने कहा कि बाबा साहब हमारे संविधान के निर्माता हैं उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, भारतीय जनता पार्टी द्वारा हमेशा महापुरुषों के खिलाफ टिप्पणी करना उनकी आदत में शुमार है लेकिन अब यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पूरे देश में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आक्रोश का माहौल कायम है। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे कार्यकारी अध्यक्ष अनीश खान मनीष मिश्रा, जीवन लाल सिद्धार्थ, युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, पुरुषोत्तम जड़िया, वैभव थापक डॉक्टर कादिर खान अक्षय तिवारी, राज बहादुर पटेल श्रीमती आस्था तिवारी दीपक तिवारी भूपेंद्र सिंह परमार अभिषेक चौरसिया मुन्नीलाल वंशकार, रेहान मोहम्मद, रेवती रमन दीक्षित, इजाज खान, रियासत खान, राजू जैन, राम गोपाल शिवहरे, सरदार यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कॉरेक्स कफ सिरप, बोनफिक्स, व्हाइटनर, वाहनों के पंचर बनाने में उपयोग होने वाले साल्यूशन क्रीम एवं थिनर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश किया जारी

## आदेश का उल्लंघन करने वालों पर होगी धारा 223 के तहत कार्यवाही

राजकुमार दुबे

***परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 20 दिसम्बर। नशे के रूप में नाबालिग बच्चों / कम उम्र के बच्चों द्वारा कॉरेक्स कफ सिरप, बोनफिक्स, व्हाइटनर, वाहनों के पंचर बनाने में उपयोग होने वाले साल्यूशन क्रीम एवं थिनर जैसे उत्पादों का उपयोग नशे पर अंकुश लगाने एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये संपूर्ण दमोह जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/दुकानदार के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।***

जारी आदेश में कहा गया है दमोह जिले में कोई भी दुकानदार कॉरेक्स कफ सिरप पंजीकृत चिकित्सक के नवीन प्रिस्क्रिप्शन के बिना विक्रय नहीं करेगा। इसकी आकस्मिक जांच प्रतिमाह औषधि निरीक्षक द्वारा की जाये तथा अनियमितता पाये जाने पर नियमों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाये।

दमोह जिले में कोई भी दुकानदार बोनफिक्स, व्हाइटनर एवं वाहनों के पंचर बनाने में उपयोग होने वाले साल्यूशन क्रीम जैसे उत्पाद/सामग्री का नाबालिग बच्चों को विक्रय नहीं करेगा। इसकी आकस्मिक जांच संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा की जाये तथा अनियमितता पाये जाने पर नियमों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाये।

दमोह जिले में कोई भी दुकानदार थिनर (सामान्यतया रंगों के साथ उपयोग किये जाने वाला उत्पाद) सामग्री नाबालिग बच्चों को विक्रय नहीं करेगा। इसकी आकस्मिक जांच संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा की जाये तथा अनियमितता पाये जाने पर नियमों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाये।

दमोह जिले में कोई भी दुकानदार एसिड/क्षयकारी पदार्थ, चूर्णित (पाऊडर्ड) आर्सेनिक, टेट्राईथाइल लेड सामग्री नाबालिग बच्चों को विक्रय नहीं करेगा। इसकी आकस्मिक जांच संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा की जाये तथा अनियमितता पाये जाने पर मध्यप्रदेश विष (कब्जा और विक्रय) नियम 2014 के तहत कार्यवाही की जाये।

यह आदेश सर्व साधारण को सम्बोधित है एवं परिस्थितियां ऐसी है कि समय अभाव के कारण सर्व साधारण को सूचना तामील नहीं की जा सकती और न ही सर्व साधारण से आपत्तियों प्राप्त की जा सकती है। अत: यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत एक पक्षीय पारित किया जाता है। आदेश का प्रचार-प्रसार स्थानीय समाचार पत्रों/इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से कराया जावेग

# सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में दमोह जिला ग्रेड-बी में

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 20 दिसंबर। राज्य शासन द्वारा जारी सीएम हेल्पलाइन की राज्य स्तरीय ग्रेडिंग में दमोह जिले ने ए-समूह के 26 जिलों में 18 वां स्थान प्राप्त किया है। माह नवंबर में दमोह जिले का स्कोर- 76.91 ग्रेड- बी रहा। यह उपलब्धि प्रशासन की तत्परता और टीमवर्क का परिणाम है। दमोह जिला प्रशासन नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। पूर्व में जिला ग्रेड-सी और डी में था।

# एसडीएम तेंदूखेड़ा, नायब तहसीलदार तेजगढ़ द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला तेंदूखेड़ा का किया गया औचक निरीक्षक




परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 20 दिसम्बर। एसडीएम तेंदूखेड़ा सौरभ गंधर्व और नायब तहसीलदार तेजगढ़ द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला तेंदूखेड़ा का औचक निरीक्षक किया गया, जहां स्वास्थ्य विभाग के आरबीएसके टीम जिसमें डॉ. राजेश अहिरवार, डॉ. अंजू नामदेव के द्वारा छात्राओं का एचबी और नेत्र परीक्षण और रूटीन चेकअप किया जा रहा था, का निरीक्षण कर जानकारी ली गई। कक्षा 12 वी, आर्ट्स विषय एवं कक्षा 10 वी की छात्राओं से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की गई और अच्छे परिणाम लाने हेतु नियमित तैयारी करके अच्छे मार्क्स लाने हेतु प्रोत्साहित किया, छात्राओं की बातें सुनी, प्राचार्य और समस्त स्टाफ को नियमित शाला आने, छात्राओं को उनकी समस्याओं में पूरी हर संभव मदद करने, स्कूल में पेजयल, साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# युवा-संवाद रोजगार, स्वारोजगार एवं अप्रिन्टिस मेला 26 दिसम्बर को

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 20 दिसम्बर। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया मध्यप्रदेश शासन के कौशल, रोजगार विभाग भोपाल एवं जिला प्रशासन दमोह के निर्देशानुसार रोजगार विभाग, प्राचार्य आई.टी.आई एवं जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र दमोह के संयुक्त तत्तवाधान में 26 दिसम्बर 2024 को शासकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान मारूताल (आई.टी.आई.) दमोह में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों एवं स्वारोजगार प्रदान करने वाले विभागों द्वारा प्रात- 11 बजे से युवा संवाद अंतर्गत रोजगार, स्वारोजगार एवं अप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संभावित कम्पनियों द्वारा सुपरबाइजर, अप्रेन्टिस, टीमलीडर, टेलीकालिंग, नेटवर्कर, मेनेजर, मशीन आपरेटर, सिक्युरिटी गार्ड के साथ-साथ, सेल्स एक्जीकेटिव अभिकर्ता इत्यादि विभिन्न पदों पर भी सीधी भर्ती की जायेगी।

उन्होंने कहा है ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता 5 वी, 10 वी, 12 वी स्नातक, / आई.टी.आई. फिटर, मेकनिक, टर्नर बेल्डर, मशीनिष्ट हो वे अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित हो सकते है। साथ ही जिला व्यापार उद्योग केन्द्र एवं स्वरोजगार प्रदान करने वाले विभिन्न विभागों द्वारा मेले में जानकारी प्रदान की जायेगी। इच्छुक आवेदक उपस्थित होने के पूर्व पंप्लेट पर दिये गये क्यू. आर. कोड से अपना रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करें।

# कलेक्टर श्री कोचर ने अम्बिका सोया प्लांट के सुपरवाईजर श्री जाटव के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने दिये निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 20 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अम्बिका सोया प्लांट के सुपरवाईजर निरंजन जाटव को कारण बताओ नोटिस के जवाब से असहमत होते हुए जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयरहाऊसिंग एवं लॉजिस्टिक को सुपरवाईजर निरंजन जाटव के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए शीघ्र अवगत कराने निर्देश दिये है। सोयाबीन उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति केवलारी स्थान अम्बिका सोया प्लांट पथरिया पर पाई गई अनियमितताओं एवं किसानों के साथ अभद्रता से बातचीत करने के लिए सुपरवाईजर निरंजन जाटव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

ज्ञातव्य है जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा सोयाबीन उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति केवलारी स्थान अम्बिका सोया प्लांट पथरिया का निरीक्षण जिला आपूर्ति अधिकारी दमोह, सहायक संचालक कृषि के द्वारा उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

# कलेक्टर श्री कोचर ने सेवा सहकारी समिति हरदुआ मुड़र श्री चौबे को तत्काल उपार्जन कार्य से पृथक कर दण्डात्मक कार्यवाही करने के दिये निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 20 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कृषक भरत प्रसाद कुर्मी द्वारा फोनपे के माध्यम से भुगतान किए गए रूपये 2000 का स्क्रीनशॉट एवं समिति सर्वेयर महेन्द्र चौबे के कारण बताओ नोटिस के जबाव से असहमत होने पर सहायक आयुक्त सहकारिता को निर्देशित किया हैं कि समिति सर्वेयर सोयाबीन उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति हरदुआ मुड़र श्री चौबे को तत्काल उपार्जन कार्य से पृथक कर दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए उनके स्थान पर किसी अन्य योग्यताधारी समिति सर्वेयर को तत्काल रखा जाये तथा की गई कार्यवाही से तत्काल सूचित करना सुनिश्चत किया जाये।

ज्ञातव्य है कि श्री कुर्मी ग्राम कुमेरिया तहसील पथरिया के द्वारा सी.एम.हेल्पलाईन पोर्टल के माध्यम से शिकायत क्रमांक 29968494 दर्ज कराई गई हैं कि सोयाबीन की खरीदी एवं फीडिंग करने के लिए समिति सर्वेयर द्वारा 6000 रूपये की राशि की मांग की गई। कृषक से दूरभाष से हुई चर्चा अनुसार कृषक द्वारा बताया गया कि समिति सर्वेयर महेन्द्र चौबे ने 2000 रूपये की राशि ऑनलाईन फोनपे के माध्यम से हेमन्त चौबे के खाते में भुगतान कराए है। जिसका स्क्रीन शॉट कृषक द्वारा मोबाईल पर भेजा गया।

# ग्लोबल स्टार राम चरण की गेम चेंजर से धोप का प्रोमो आया सामने

जय सिंह रघुवंशी

परिहार गर्जना न्यूज। मुंबई मेगा पावरस्टार राम चरण की फिल्म गेम चेंजर इस समय चर्चा विषय बना हुआ है शंकर निर्देशित इस फिल्म का प्रचार ज़ोर शोर में शुरू है। 21 दिसंबर, 2024 को यूएसए के डलास में भव्य प्री-रिलीज़ इवेंट आयोजित किया जा रहा है जहाँ पर फिल्म की स्टारकास्ट मौजूद होगी अब तक, फिल्म के तीन गाने रिलीज़ हो चुके हैं, और सभी चार्टबस्टर साबित हुए हैं। एल्बम में नवीनतम जोड़ धोप नामक एक नया सिंगल है। निर्माता दिल राजू के जन्मदिन के अवसर पर इस ट्रैक का प्रोमो रिलीज़ किया गया। यह ऑडियो एल्बम का चौथा सिंगल है, और यह फिल्म के मुख्य आकर्षण में से एक होने का वादा करता है।




धोप को हाल के दिनों में थमन के बेहतरीन कामों में से एक माना जाता है, जिसमें एक अनूठी रचना है। प्रोमो में शानदार दृश्य दिखाए गए हैं जो पिछले सिंगल्स की तुलना में एक ताज़ा वाइब देते हैं। चौथा सिंगल, धोप थमन, रोशिनी जेकेवी और प्रुथ्वी श्रुति रंजनी द्वारा गाया गया है। गीत सरस्वती पुत्र राम जोगय्या शास्त्री द्वारा लिखे गए थे। तमिल संस्करण विवेक द्वारा लिखा गया था और थमन एस, अदिति शंकर और प्रुथ्वी श्रुति रंजनी द्वारा गाया गया था। रकीब आलम ने हिंदी संस्करण के लिए गीत लिखे जबकि थमन एस, राजा कुमारी और प्रुथ्वी श्रुति रंजनी ने अपनी आवाज़ दी।

पूरा गाना 21 दिसंबर को रात 9 बजे (सीएसटी) और 22 दिसंबर को सुबह 8-30 बजे डलास में भव्य प्री-रिलीज़ इवेंट के दौरान रिलीज़ होने वाला है। प्रोमो ने पहले ही सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर पूरे गाने को लेकर उम्मीदें बढ़ा दी हैं। गेम चेंजर में राम चरण दोहरी भूमिका में हैं और इसमें कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत और समुथिरकानी जैसे कई बेहतरीन कलाकार हैं। दिल राजू और सिरीश श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस, दिल राजू प्रोडक्शंस और ज़ी स्टूडियो के बैनर तले इस फ़िल्म का निर्माण कर रहे हैं। यह फ़िल्म 10 जनवरी, 2025 को तेलुगु, तमिल और हिंदी में दुनिया भर में रिलीज़ होने वाली है।

# पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के जीव रसायन विज्ञान विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन संपन्न




आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा के जीव रसायन विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर श्रीवास्तव ने बताया कि जीव रसायन एवं जैव प्रौद्योगिकी का खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में अहम योगदान है। समाज एवं देश में खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने में जीव रसायन एवं जैव प्रौद्योगिकी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पशुओं के विभिन्न उत्पाद जैसे दूध, दही, घी, अंडा, मांस आदि के प्रयोग से शरीर में होने वाली विभिन्न पोषक तत्वों की कमी को पूर्ण कर, हम स्वस्थ मानव शक्ति तथा स्वस्थ समाज के स्थापना कर सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप महानिदेशक डॉ जे. के. जीना ने बताया कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को संतुलित आहार मिलना अत्यंत आवश्यक है। जिससे वह व्यक्ति अपने कर्तव्यों का भली बात निर्वहन कर सके। हमारा देश, विश्व में दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है किंतु जनसंख्या के अनुसार प्रति व्यक्ति दुग्ध की उपलब्धता काफी कम है? जिसके लिए अच्छी उत्पादकता वाले पशुओं का होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ने बताया की होम्योपैथिक दवाइयां अब पशुओं के इलाज में प्रयोग की जा रही है तथा इसका अच्छा परिणाम भी मिल रहा है। होम्योपैथिक दवाइयां का पशुओं में और अधिक प्रयोग किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय जीव रसायन संगठन के अध्यक्ष डॉ. बी. पी. मोहती ने संगठन की संरचना एवं उसके कार्य शैली के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर संगठन के महासचिव डॉक्टर सुभाषिस बतबयाल ने संगठन द्वारा आयोजित विभिन्न संगोष्ठी एवं क्रियाकलापों की जानकारी दी। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर विकास पाठक, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय ने बताया कि खाद्यान्नों में पशुधन से प्राप्त होने वाले उत्पादों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में पशुधन के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान तथा जैव प्रौद्योगिकी के समुचित प्रयोग से खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। इस अवसर पर प्रोफेसर पंकज कुमार शुक्ला, प्रोफेसर अरुण कुमार मदान, डॉ नित्यानंद पांडे, प्रोफेसर सरबजीत यादव, प्रोफेसर देश दीपक सिंह, प्रोफेसर अतुल प्रकाश, प्रोफेसर बृजेश यादव, प्रोफेसर अमित सिंह सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक अधिकारी, कर्मचारी तथा परास्नातक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रेल ओवर ब्रिज की तीसरी लाइन के लिए विधायक ने एक बार फिर रखी अपनी मांग

राजा खरे


परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी के विधायक अनिल जैन ने रेल ओवर ब्रिज की तीसरी लाइन के संबंध में विधानसभा में भी अपना पक्ष रखते हुए ओवर ब्रिज की तीसरी लाइन बनाए जाने की मांग की है और अब एक बार फिर मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के मंत्री को पत्र लिखकर ओवर ब्रिज की तीसरी लाइन बनाने की मांग रखी है। गौरतलब है कि झांसी मानिकपुर रेलवे लाइन पर निवाड़ी पृथ्वीपुर सड़क मार्ग पर रेल ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है जिसमें रेल ओवर ब्रिज को पृथ्वीपुर मार्ग से प्रारंभ कर निवाड़ी शहर की ओर उतारा जा रहा हैं जबकि ग्राम चुरारा से राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाने के लिए निवाड़ी से बायपास मार्ग भी निर्माणाधीन है और इस रेल ओवर ब्रिज के निर्माण से बायपास मार्ग की उपयोगिता समाप्त हो रही है जिसके चलते विधायक अनिल जैन के द्वारा ओवर ब्रिज से तीसरी लाइन ग्राम चुरारा की ओर उतारे जाने की मांग रखी गई थी जिसके लिए विधायक श्री जैन के द्वारा 2 अक्टूबर को भी मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के मंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था और बीते रोज एक बार फिर रेल ओवर ब्रिज की तीसरी लाइन के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के मंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में निवाड़ी जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। माह नवंबर में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण करने में निवाड़ी जिले को संपूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार माह नवंबर में जिला पुलिस विभाग में लगभग 249 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिनमें से लगभग 96 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण किया जाने पर निवाड़ी जिले को ए ग्रेड के साथ संपूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान पर रखा गया है। निवाड़ी जिले को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया ने पुलिस अधिकारियों को बधाई देते हुए निर्देशित किया कि आगे भी इसी तरह के प्रयास जारी रखें। गौरतलब है कि सीएम हेल्पलाइन राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल एक योजना है जिसमें दर्ज की गई शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाता है और पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसी ही शिकायतों का समय सीमा में संतुष्टि पूर्ण निराकरण किया गया जिसके चलते जिला पुलिस प्रशासन को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

# ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की दी गई जानकारी

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिविर लगाया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया से एवं आवागमन के नियमों से अवगत कराया गया। जिला



परिवहन अधिकारी राजेंद्र कुमार सोनी के द्वारा बताया गया कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 छात्राओं के आवेदन ऑनलाइन कराये गए एवं सभी छात्रों को स्वयं आवेदन करने तथा लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। गढ़ कुंण्डार महोत्सव के उपलक्ष्य में कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर विधायक निवाड़ी श्री अनिल जैन, पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया, सीईओ जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना, अपर कलेक्टर श्री एचबी शर्मा, एसडीएम निवाड़ी श्री अनुराग निंगवाल, श्री रमेश खंगार, श्री नंद किशोर नापित




जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री जांगिड़ ने गढ़ कुंण्डार महोत्सव 27 से 29 दिसंबर 2024 तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सॉंस्कृतिक आयोजनों पर चर्चा की। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा समिति सदस्यों से सुझाव लिए गए।

# ब्रज के प्राचीन कुंडों का जल होगा अब आचमन योग्य

**– उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की पहल पर इस्कॉन और टाटा ग्रुप करेंगे काम**

**– जनपद में 2050 जल निकाय में से 288 कुंड, सर्वे में 213 मौके पर मिले, पानी खराब**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के साक्षी कहे जाने वाले ब्रज के प्राचीन कुंडों का जल अब आचमन योग्य होगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की पहल पर ब्रज के प्राचीन कुंडों के जल की गुणवत्ता को सुधारने के लिए इस्कॉन और टाटा ग्रुप काम करने जा रहे हैं।



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र के स्पेस डाटा के अनुसार मथुरा जनपद में 2052 जल निकाय मौजूद हैं। इनमें से 288 कुंडों के रूप में सामने आए हैं। इस स्पेस डाटा पर किए गए फील्ड सर्वे में 213 कुंड मौके पर मौजूद मिले हैं। इसमें अधिकांश देखरेख के अभाव में जीर्णशीर्ण अवस्था में थे। इन कुंडों के जल की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। इनका धार्मिक और इतिहासिक महत्व होने के कारण यहाँ श्रद्धालु भी पहुंचते हैं।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा इनमें से दो दर्जन प्राचीन कुंडों का पुनरोद्धार कराया गया है। यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसके साथ ही अब उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने ब्रज के इन प्राचीन कुंडों का सौंदर्यीकरण करने के साथ ही उनके जल की गुणवत्ता को सुधारने के लिए निजी संस्थाओं की मदद लेना शुरु कर दिया है। इस प्रक्रिया में इस्कान के साथ टाटा ग्रुप की मदद ली जा रही है। इस्कॉन की संस्था श्रीचैतन्य हेल्थ एंड केयर ट्रस्ट द्वारा सात कुंड और टाटा ग्रुप द्वारा आठ कुंडों का जल शोधन किया जाएगा। इसके लिए डीपीआर तैयार कर ली गई हैं।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि ब्रज में अधिकांश कुंड प्राचीन हैं, जो इतिहासिक और धार्मिक महत्व से जुड़े हैं। इनके सौंदर्यीकरण के साथ जल की गुणवत्ता सुधारने का काम किया जा रहा है। टाटा और इस्कॉन् ग्रुप से 15 कुंडों के लिए अनुबंध हुआ है। कोशिश की जाएगी कि कुंडों का जल आचमन योग्य बनाया जा सके। मथुरा वृंदावन् विकास प्राधिकरण भी पांच कुंडों के जल शोधन पर काम कर रहा है।

***टाटा ग्रुप ने लिए गोद...***

मानसी गंगा, राधाकुंड, कृष्ण कुंड, अष्ठसखी कुंड, शांतनु कुंड, कृष्ण कुंड, गरुण गोविंद कुंड, नरी सेमरी कुंड।

***इसकॉन ने लिए गोद...***

प्रिया कुंड, पावन सरोवर, वृषभानु कुंड, विव्हक कुंड, जल विहार कुंड, कृष्ण कुंड, कृष्ण कुंड।

***एमवीडीए कर रहा काम***

ललिता कुंड, वृंदा कुंड, नारद कुंड, सोभरि कुंड, आट्स से सुनरख तक ड्रेन।

# भाजपा कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर जनता को कार्यक्रम में आमंत्रित करें - विष्णुदत्त शर्मा

छतरपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने छतरपुर में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 25 दिसंबर को खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना की आधारशिला रखने आ रहे हैं। आप सभी भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ व गांव-गांव जाकर घर-घर लोगों से संपर्क कर प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि यह परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र का भाग्य बदलने वाली है, लोगों के जीवन में खुशहाली लाने वाली है, इसलिए सभी भाजपा कार्यकर्ता जनता को आमंत्रित करें ताकि अधिक से अधिक जनता इस परियोजना की आधारशिला की साक्षी बन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी बुंदेलखंड क्षेत्र में समृद्धि व खुशहाली लाने वाली इस परियोजना के कार्यक्रम में पधार रहे हैं। हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र की जनता द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया जाए।



***भाजपा कार्यकर्ता समाज के लिए कार्य करता है***

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि हाल ही में बूथ और मंडल के चुनाव संपन्न हुए हैं। मैं सभी बूथ व मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं कि वह अपना पार्टी में काम अच्छे तरीके से करें और वह राजनीतिक जीवन में उच्च पदों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि संगठन बड़ा होता है, जब कार्यकर्ता संगठन के लिए काम करता है। कार्य के दौरान कार्यकर्ता का जो निर्माण होता है, उससे समाज का लाभ होगा। भाजपा कार्यकर्ता समाज के लिए कार्य करता है। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के 100वें जन्म जयंती पर प्रधानमंत्री बुंदेलखंड को सौगात दे रहे हैं। यह सौगात श्रद्धेय अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

***यह योजना आने वाली पीढ़ियों के लिए भी वरदान साबित होगी - डॉ. महेन्द्र सिंह***

भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने छतरपुर में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने नदियों को जोड़कर समाज में खुशहाली लाने की योजना बनाई थी। यह श्रद्धेय अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष है। 25 दिसंबर को श्रद्धेय अटल जी की 100वीं जन्म जयंती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी केन-बेतवा लिंक परियोजना की आधारशिला रखने के साथ अटल जी के सपने को पूरा कर रहे हैं। केन-बेतवा लिंक परियोजना इस पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी वरदान साबित होगी। हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को श्रद्धेय अटल जी के बताए मार्ग पर चलना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार श्रद्धेय अटल जी के विचारों को आगे बढ़ाने के साथ उनके बताए मार्ग पर चल रही है। नदियों को जोड़ने का जो सपना अटल जी ने देखा था, प्रधानमंत्री श्री मोदी जी उसे पूरा कर रहे हैं। आप सभी भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाएं और जनता जनार्दन को इस परियोजना को लेकर 25 दिसंबर को खजुराहो में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें।

***हरा-भरा होगा बुंदेलखंड, रूकेगा पलायन, बढ़ेगा रोजगार***

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि यह योजना बुंदेलखंड के सूखा को खत्म करके हरा-भरा बुंदेलखंड करने वाली है। बुंदेलखंड में पानी का अभाव था, उसकी पूर्ति होगी तथा खेत हरे-भरे होंगे। खेतों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा, जिससे पर्याप्त मात्रा में अनाज का उत्पादन होगा, जिससे समूचे बुंदेलखंड की पलायन जैसी बड़ी समस्या समाप्त हो जाएगी। किसान खुशहाल होंगे, किसन समृद्ध होंगे। भरपूर पानी की उपलब्ध होगी तो क्षेत्र में उद्योग लगेंगे, जिससे रोजगार के लाखों अवसर पैदा होगे। डॉ. सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है कि उस दिन मैं भी आप सभी लोगों के साथ खजुराहो में उपस्थित रहूंगा और इस ऐतिहासिक परियोजना का साक्षी बनूंगा।

बैठक में संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी विधायक श्रीमती ललिता यादव राजेश बबलू शुक्ला अरविन्द पटेरिया पूर्व विधायक उमेश शुक्ला पुष्पेन्द्र नाथ पाठक जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम टीकमगढ़ जिला अध्यक्ष अमित नुना जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति सुरेन्द्र चौरसिया पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरिप्रसाद पटेल जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौरसिया मंच पर उपस्थित रहे। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द बुदेला ने दी है।

## वाराणसी-खजुराहो-छतरपुर को दक्षिण की ट्रेन सुविधा से जोड़ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र



छतरपुर। शुक्रवार को समाजसेवियों के समूह ने कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर वाराणसी-खजुराहो-छतरपुर को दक्षिण की ओर ट्रेन सुविधा से जोड़ने की मांग उठाई है। समाजसेवियों द्वारा प्रधानमंत्री को भेजे एक पत्र में लेख किया गया है कि छतरपुर सहित आसपास से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए नागपुर जाते हैं लेकिन ट्रेन सुविधा न होने से गरीब मरीजों को बसों से यात्रा करनी पड़ती है और बस मालिकों द्वारा मनमाने दाम वसूले जाते हैं। इतना ही नहीं बसों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर लोगो की जाने से भी खिलवाड़ किया जाता है, जिससे आम आदमी को असुविधा होती है।

इसके अलावा छतरपुर सहित बुन्देलखण्ड के हजारों युवा, जो पुणे और बेंगलुरू जैसे शहरों में पढ़ाई कर रहे हैं, सीधी ट्रेन सुविधा न होने के कारण उन्हें भी आवागमन में तकलीफ उठानी पड़ती है। दक्षिण भारत में हिन्दुओं के अनेक धार्मिक स्थल भी हैं, जहां ट्रेन के अलावा बसों से यात्रा करना आमजन के लिए आरामदायक नहीं है लेकिन ट्रेन सुविधा न होने के कारण यहां के लोग उक्त धार्मिक स्थलों तक नहीं जा पा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर दक्षिण भारत के लोग भी बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध बागेश्वर धाम, खजुराहो के मतंगेश्वर मंदिर व जटाशंकर धाम जैसे पर्यटन स्थलों तक नहीं आ पा रहे हैं। बुंदेलखण्ड क्षेत्र से दक्षिण भारत के राज्यों से व्यापक व्यापार होता है, ऐसे में आवागमन की सुखद सुविधा मिलने से व्यापार बढ़ने की संभावना है। पत्र के माध्यम से समाजसेवियों ने आग्रह किया है कि छतरपुर से दक्षिण की ओर जाने के लिए ट्रेन सुविधा उपलब्ध कराई जाए। यह भी बताया गया है कि इस संबंध में क्षेत्र के लोग स्थानीय जनप्रतिनिधियों और रेलमंत्री को पूर्व में भी ज्ञापन दे चुके हैं। इस मौके पर लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी, डाक्टर दिनेश पाठक, सुरेंद्र सिंह परिहार, गोपाल दुबे, संजय अग्रवाल, विष्णु रावत, सरिंदर सिंह, गिरीश दुबे, ब्रजेन्द्र गुप्ता, राजकुमार सेन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## जहरीली दवा खाने से महिला की मौत

छतरपुर। किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम झरगुवां की एक महिला ने बीते रोज अज्ञात कारणों के चलते जहरीली दवा का सेवन कर लिया था, जिसके बाद महिला का पति उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आया। शुक्रवार की सुबह जिला अस्पताल में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद मामले की जांच शुरू की है।

किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम झरगुवां निवासी लक्ष्मण पाल ने बताया कि करीब 14 साल पहले उसका विवाह पन्ना जिले के ग्राम राजापुर की रहने वाली बबली पुत्री नारायण पाल उम्र 28 साल के साथ हुई थी। उसके तीन पुत्र हैं, जिनकी उम्र क्रमशः 11, 8 और 4 साल है। लक्ष्मण ने बताया कि वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। गुरूवार की सुबह बबली ने खाना बनाकर उसे तथा बच्चों को खिलाया, जिसके बाद वह काम पर चला गया था और बच्चे स्कूल चले गए। उनके जाने के बाद बबली ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। जैसे ही लक्ष्मण को जानकारी मिली वह तुरंत घर पहुंचा और बबली को किशनगढ़ अस्पताल ले गया। चूंकि बबली की हालत गंभीर थी इसलिए किशनगढ़ से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लक्ष्मण के मुताबिक शुक्रवार की सुबह 4 बजे इलाज के दौरान बबली की मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई की गई और इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। लक्ष्मण ने बताया कि बबली के पेट में पथरी थी, जिस कारण से कभी-कभार उसे असहनीय दर्द उठता था। उसे आशंका है कि इसी दर्द के कारण बबली ने आत्मघाती कदम उठाया है। वहीं बबली के पिता नारायण पाल ने बताया कि अभी दो दिन पहले ही बबली मायके से ससुराल आई थी। मायके में उसने कभी किसी की शिकायत नहीं की।

## अपराधियों के प्रति सख्त हुई पुलिस

### पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा करने वाले दोनों पक्षों के आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

छतरपुर। बीती रात शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर मार्ग पर पुरानी बुराई को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। बीच सड़क पर हुई झूमा-झटकी के दौरान एक पक्ष के दो युवकों ने कट्टा निकाल लिया, जिससे आसपास दहशत का माहौल निर्मित हो गया। चूंकि किसी ने घटना का वीडियो बना लिया था, जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में दोनों पक्ष के 9 लोगों को हिरासत में लिया। शुक्रवार की शाम को उक्त आरोपियों का शहर में जुलूस निकाला गया।



थाना प्रभारी ने अरविंद कुजूर बताया कि अमर सोनी और टौरिया मोहल्ला निवासी निसार खान के बीच पहले से विवाद चल रहा है, जिसको लेकर गुरूवार की शाम को अमर सोनी और उसके साथी की निसार खान सहित उसके अन्य परिजनों से बस स्टैंड के पास स्थित अपोलो क्रॉस मार्केट के सामने झूमा-झटकी हुई। इसी बीच अमर सोनी ने कट्टा दिखाया। पुलिस को मिले वीडियो के आधार पर तुरंत निसार खान पिता हुसैन खान उम्र 40, हुसैन खान पुत्र गरीबी खान उम्र 60, शाहिब खान पिता हुसैन खान उम्र 29, अरबाज खान पिता कासिम खान उम्र 20, नासीब खान पिता निजाम खान उम्र 22, तहजीब खान पिता निसार खान उम्र 20 और तौफीक खान पिता निसार खान उम्र 21 वर्ष, सभी निवासी टौरिया मोहल्ला वार्ड नंबर 5 और दूसरे पक्ष के अमर सोनी सहित एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण में अमर सोनी और उसके नाबालिग साथी पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है, जबकि निसार खान सहित उसके परिवार के 7 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। आरोपियों में दहशत पैदा करने की मंशा से शुक्रवार की शाम को कोतवाली थाना से महल तिराहा तक नाबालिग आरोपी को छोड़कर अन्य आरोपियों का जुलूस निकाला गया।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321